## महत्वपूर्ण एवं खास

### रोजगार सहायक दीपक कुमार साव को सेवा से पृथक किया गया

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** परियोजना निदेशक कार्यालय जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा जारी पत्र के पालन में जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम पंचायत बार के ग्राम रोजगार सहायक दीपक कुमार साव को सेवा से पृथक किया गया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरमकेला ने आदेश जारी किया है और दीपक कुमार साव को आदेशित किया है कि कार्यालय के सभी दस्तावेजों को कार्यालय ग्राम पंचायत बार में जमा करें। परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने इस संबंध में कहा है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जिले में अनियमितता होने पर संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव एवं सरपंच के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने भोजन में मिलाया जहर, पत्नी सहित परिवार के नौ सदस्य अस्पताल दाखिल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पसान थाना क्षेत्र में भोजन में जहर मिलाकर पूरे परिवार की जान लेने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। खाना खाने के बाद सभी की तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पत्थरफोड़ निवासी लाल अहिबरन सिंह के घर का यह मामला है। घर पर रोज की तरह पत्नी सुमित्रा भी खाने की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान पति पहलवान सिंह घर पहुंचा और सीधे रसोई में जाकर पत्नी से बातचीत करने लगा। पति से किसी बात पर नाराज पत्नी सुमित्रा वहां से बाहर निकल गई। कुछ देर तक पहलवान रसोई के अंदर रुका और उसके बाद वहां से निकल कर चला गया। पति पहलवान के रसोई से निकलने के बाद सुमित्रा दुबारा रसोई में गई तो उसे कुछ बदबू महसूस हुआ पर वो इसे हल्के में लेते हुए खाना बनाई और उसके बाद घर के सभी सदस्यों को परोसा। खाना खाने के बाद अचानक सभी की तबियत खराब होने लगी और चक्कर के साथ उल्टी होने लगी। जिसके बाद आसपास के लोगों के द्वारा सभी को आनन-फानन में पसान के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल डाक्टरो की मानें तो अभी सभी की हालत खतरे से बाहर है, वहीं मामले की जांच पुलिस कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 03 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 956.0 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.6 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.0 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1062.0 मिमी, कोरबा में 1418.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1270.8 मिमी, कोण्डागांव में 1206.4 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1465.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1522.4 मिमी और सुकमा जिले में 1675.2 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# भारतीय सेना का भीष्म टी-90 टैंक पहुंचा, सैन्य शक्ति प्रदर्शन की तैयारियाँ

**रायपुर । आरएनएस**



राजधानी रायपुर में भारतीय सेना का भीष्म टी-90 टैंक और अन्य आर्टिलरी उपकरण पहुंचे, जिसका शहर में भव्य रैली के माध्यम से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम 5 और 6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले सैन्य शक्ति प्रदर्शन आर्मी मेले की तैयारी के तहत किया गया है, जिसमें भारतीय सैनिकों का जौहर देखने का अवसर मिलेगा।

जिला प्रशासन की ओर से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने भीष्म टैंक का स्वागत किया।

स्वागत के बाद, एक रैली के रूप में टैंक और अन्य सैन्य उपकरणों को तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक ले जाया गया। रैली के दौरान रायपुर के नागरिकों में उत्साह देखने को मिला, और सैकड़ों लोगों ने इस शानदार दृश्य को अपने मोबाइल फोन में कैद किया।

इस कार्यक्रम को लेकर राजधानी में सकारात्मक माहौल बना हुआ है, और नागरिक इसे लेकर खासा उत्सुक हैं। यह आयोजन न केवल सेना की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि लोगों में देशभक्ति और सैन्य बल के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

**राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पहल में हो रहे भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरण रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा।

शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ासा उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे।

गौरतलब है कि सैन्य प्रदर्शनी 5-6 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें सेना के जाबांज सैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।

## सुरक्षाबलों-नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़

**0 चिंतागुफा थाना क्षेत्र के कोर जोन चिंतावागु नदी के किनारे मुठभेड़ जारी**

**सुकमा-रायपुर । आरएनएस**

घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच चिंतागुफा थाना क्षेत्र के कोर जोन चिंतावागु नदी के किनारे मुठभेड़ की सूचना है। सुरक्षा बल की संयुक्त टीम बोटलंका, एरनपल्ली और आसपास के इलाकों में अभियान के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान नदी के किनारे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया. फिलहाल दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है. इलाके की सर्चिंग के बाद जवानों ने नक्सलियों का अस्थाई कैंप ध्वस्त कर दिया गया. इसके साथ ही मौके से नक्सली सामग्री और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है. फिलहाल सभी जवान सुरक्षित है. लगातार इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

सूत्रों की माने तो नक्सलियों की बटालियन के कोर इलाक़े में सुरक्षाबल के जवान घुसे। नक्सलियों की बटालियन का सबसे मजबूत इलाका कहा जाने वाला बोत्तलंका और इरापल्ली में जवानों का ऑपरेशन जारी है। फिलहाल मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को गोली लगने की भी खबर मिल रही है. इतना ही नहीं मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला करने की भी कोशिश की है. डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ जवानों लगातार नक्सलियों को करारा जवाब दे रहे हैं।

## जमा पूंजी बेटे के शादी में हुआ खर्च, मकान बनाना था असंभव : पीएम आवास ने दुरपति के सपने को किया साकार मिला छत

**रायगढ़**



दुरपति राठिया कच्चे मकान में रहकर रोजी-मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती थी। पक्का आवास बनाने के लिए वह पाई-पाई जोड़कर रकम इकट्ठा की थी। लेकिन उन्हे पक्के आवास के लिए जोड़े पैसे को बेटे की शादी में खर्च करना पड़ा। विधवा महिला के लिए अब पक्का आवास बनाना मानो असंभव सा लगने लगा। तभी पीएम आवास योजना ने उनके पक्के घर के इरादे को बल दिया और आज दुरपति का कच्चा मकान अब पक्के मकान में तब्दील हो गया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार द्वारा शहरी गरीबों एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने की पहल है। जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में योजना का बेहतर संचालन के फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत होने के साथ ही लोगों को आवास उपलब्ध हो रहा है।

रायगढ़ जिला अंतर्गत तमनार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत महलोई जो कि जनपद मुख्यालय से 07 कि.मी.एवं जिला से लगभग 30 कि.मी.दूरी पर स्थित है। हितग्राही दूरपति राठिया विधवा एकल महिला है, जो कि मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती है। इन्हीं कमाएं हुए पैसों से अपने लड़के का भी विवाह भी किया। जिससे पक्का आवास बनाना उनके लिए अब लगभग असंभव था। कच्चा मकान होने के कारण आशियाने की चिंता बनी रहती है। कच्चे मिट्टी के मकान जिसमें बरसात में पानी टपकता रहता था, विषैले जीव-जंतुओं का भी खतरा बना रहता था। वहीं बरसात के दिनों में घर में पानी घुसने के साथ ही गंदगी फैलने से रहने में काफी असुविधा होती थी।

कच्चा मकान बनाकर अपना जीवन यापन करने वाली दुरपति राठिया का भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत होने से उनके चेहरे पर खुशी स्पष्ट दिखने लगी। जब उन्हें शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत पक्का आवास निर्माण हेतु सहायता राशि प्राप्त होना बताया गया तो वह खुशी से फुले नहीं समाये। इस प्रकार दूरपति राठिया अपने पुराने कच्चे मिट्टी के घर को छोड़कर पक्के प्रधानमंत्री आवास में निवासरत है। पक्का मकान मिलने से अब वह बहुत खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन को अपना धन्यवाद दिया।

## जंगली जानवरों का बढ़ता आतंक, तेंदुआ और भालू बन रहे खतरा

**कांकेर । आरएनएस**

जिले में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, विशेषकर भालू और तेंदुए लगातार रिहायसी इलाकों में घुसकर हिंसक हो रहे हैं। तेंदुआ आदमखोर बनता जा रहा है, जो वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। रिहायसी इलाकों में पहुंचकर तेंदुए लोगों पर हमले कर रहे हैं, जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है।

हाल के दिनों में तेंदुए ने बच्चों सहित कई लोगों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिले के ग्राम डुमाली में एक साथ 5 तेंदुओं का दिखाई देना वन विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस घटना के बाद से विभाग अलर्ट मोड में है। आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं, जबकि कुछ शहरवासी रात के समय तेंदुए देखने के लिए इन इलाकों में घूमकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस लापरवाही के चलते कोई बड़ी घटना न घट जाए, इसलिए वन विभाग ने रात के समय पहाड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में गश्त शुरू कर दी है। विभाग द्वारा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को समझाइश दी जा रही है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सावधानी बरतें और रात के समय अकेले इन क्षेत्रों में न जाएं।

## धान खरीदी केंद्र में लाखों की धोखाधड़ी,प्रभारी पूर्णेन्द्र यादव गिरफ्तार

**मुंगेली (आरएनएस)।** जिले के फ ास्टरपुर थाना क्षेत्र में स्थित धान उपार्जन केंद्र छटन में धान खरीदी में अनियमितता के मामले में विभागीय जांच में लगभग 50 लाख रूपये की बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। इस मामले में आरोपी पूर्णेन्द्र यादव (42 वर्ष) मुंगेली निवासी को बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि विरेन्द्र टण्डन शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सेतगंगा ने 8 जुलाई 2024 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया कि सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक मुंगेली के आदेशानुसार 19 जून 2024 को धान खरीदी केंद्र छटन का निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान धान खरीदी प्रभारी पूर्णेन्द्र यादव द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेख, ऑनलाइन धान खरीदी और बारदाना रिपोर्ट के अनुसार भौतिक रूप से उपलब्ध धान का मिलान किया गया। जांच में पाया गया कि वर्ष 2023-24 में उपार्जन केंद्र छटन में कुल 87,443.60 क्विंटल धान खरीदी गई थी, जिसमें से 81,907.60 क्विंटल धान मिलर्स को परिदान किया गया। लेकिन धान खरीदी केंद्र के स्टॉक में मात्र 6,500 बोरे ही भरे मिले, जबकि 3,955 बोरे के अनुमानित वजन में 1582 क्विंटल कीमत 49,04,200 रुपये की कमी पाई गई। इस तरह धान खरीदी प्रभारी पूर्णेन्द्र यादव पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत करने के आरोप में पुलिस ने धारा 420 और 409 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। इधर एफ आईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी फ रार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गया है।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में एडमिशन के लिए आवेदन 31 अक्टूबर तक आमंत्रित

**❑ बारहवीं और स्नातक उत्तीर्ण कामकाजी युवाओं के लिए अवसर**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

सरकारी, निजी, घरेलू और व्यस्त जीवन शैली से जुड़े कामकाजी युवाओं, महिलाओं और पुरुषों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ के ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से एडमिशन अब भी चालू है।

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दूरवर्ती शिक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन एडमिशन के लिए आवेदन 31 अक्टूबर 2024 तक आमंत्रित किया है। इसमें बारहवीं उत्तीर्ण के बाद स्नातक कोर्स में बीए, बीकॉम, बीएससी (गणित) बीबीए है। इसी प्रकार डिप्लोमा कोर्स में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस (डीसीए) और रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा शामिल है।

स्नातक उत्तीर्ण के बाद स्नातकोत्तर कोर्स में एमए (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र) एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडबल्यू, एमकॉम, एमएससी (गणित) एमएससी (कंप्यूटर साइंस) है। इसी प्रकार डिप्लोमा कोर्स में पीजी पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस (पीजीडीसीए), डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग और बीकॉम उत्तीर्ण युवाओं के 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स अंतर्गत सर्टिफिकेट इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.pssou.ac.in/ पीएसएसओयू डॉट एसी डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि नियमित शासकीय कर्मी अपने नौकरी के साथ भी ये कोर्स कर सकते हैं। इसमें एडमिशन फॉर्म भरने के बाद अपने कार्यालय प्रमुख से कोर्स की अनुमति के लिए आवेदन किया जाना आवश्यक है, जिससे उनका यह कोर्स वैधानिक हो और विभाग परीक्षा में बैठने के लिए प्रायः अनुमति प्रदान करता है। प्रायवेट और प्लेसमेंट तथा अन्य नागरिकों के लिए इस प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

## अनुसूचित जाति (एससी) उम्मीदवारों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण हेतु 14 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित, दुर्ग में प्रशिक्षण और रहना, खाना पूर्णतः निःशुल्क

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के युवक-युवती, महिला-पुरुष उम्मीदवारों के रोजगार उन्मुख, कौशल विकास निशुल्क प्रशिक्षण के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के उम्मीदवार अन्त्यावसायी प्रशिक्षण केंद्र खैरहा रानीसागर, आरके हॉस्पिटल के सामने सारंगढ़ में 14 अक्टूबर 2024 तक व्यक्तिगत या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ दसवीं सहित शैक्षणिक प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र, आधारकार्ड आदि समस्त दस्तावेजो की फोटोकॉपी सलंग्न करना होगा। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी एम के भगत से 9424184313 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

चयनित युवाओं का प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की सोसाइटी एम.एस.एम.ई. प्रौद्योगिकी केंद्र दुर्ग छत्तीसगढ़ में होगा। उम्मीदवारों के निशुल्क प्रशिक्षण के साथ दुर्ग में रहना, खाना निःशुल्क रहेगा। यह सुविधा राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए यह प्रायोजित रोजगार उन्मुख, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एम.एस. एम.ई. प्रौद्योगिकी केंद्र दुर्ग, राज्य अन्त्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

**निशुल्क ट्रेनिंग कोर्स, पात्रता और अवधि**

अनुसूचित जाति के उम्मीदवार जिन्होंने हाईस्कूल (दसवीं, आईटीआई या समकक्ष) उत्तीर्ण हो, उनके लिए 3 माह के चार कोर्स, असिस्टेंट ऑपरेटर सीएनसी टर्निंग (टूल रूम) टेक्नीशियन-कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन(डोमेस्टिक कम इंडस्ट्रियल) सोलर पीवी इंस्टालर शामिल है।

**पात्रता मापदंड**

अनुसूचित जाति के उम्मीदवार के लिए पात्रता में न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण (10वी पास) होना चाहिए। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात देश के विभिन्न विनिर्माण उद्योगों मे रोजगार के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

## बरमकेला में निकाली गई नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता रैली

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**




जनपद पंचायत बरमकेला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान की रैली बरमकेला में निकाली गई। इसमें विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र, का नारा लगाते हुए जनपद पंचायत से शुभारंभ कर इंदिरा चौक, अटल चौक, बस स्टेशन से होते हुए पुनः जनपद पंचायत तक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एन आर.एल.एम यूनिट बरमकेला के सभी महिलाएं इस रैली मे शामिल हुए। रैली निकाल कर नशा मुक्ति हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया। 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान और नशीली दावों के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं विद्यार्थियों आम जन को जागरूक करना है। साथ ही जनपद पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी महिलाओं को नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस रैली में जनपद और एनआरएलएम टीम के समस्त कर्मी उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव ने कहा कि आज नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया, वे अपने ग्राम पंचायत में जाकर इस तरह से रैली के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान का संचालन करें। सभी लोगों को नशे के दुष्परिणामों को सभी जानते हैं इसके बावजूद भी कुछ लोग उसे छोड़ नहीं पाते हैं तो हमारा यही सबसे अनुरोध रहेगा कि इसके दुष्परिणामों को समझते हुए सभी लोग धीरे-धीरे जो भी नशे के गिरफ्त में है वे इससे दूर होने का प्रयास करें और अपने परिवार के लिए भी और एक समाज के लिए भी एक सकारात्मक माहौल निर्माण करने में अपनी भूमिका निभाएं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU